## एक नजर में

### एक शाम हनुमानजी के नाम : कार्यक्रम का आयोजन 17 मार्च को



**बुरहानपुर।** जीवन प्रबंधन समूहए जिला . इकाई बुरहानपुर द्वारा ष्एक शाम हनुमान के नाम ष् कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य वक्ता जीवन प्रबंधन गुरू,पंडित विजय शंकर मेहता, उज्जैन के मुखारविंद से स्थानिय बहादरपुर रोड़ स्थित राजस्थानी भवन में 17 मार्च को सांय 6 बजे से व्याख्यान होगा। उक्त जानकारी देते हुये जीवन प्रबंधन समूह, जिला . इकाई बुरहानपुर के संयोजक महेन्द्र कुमार पारीक ने बताया की पंडित विजय शंकर मेहता आज के समय अनुसार बहुत ही चुनिन्दा विषयों पर अपने व्याख्यान पूरी दुनिया में दे रहें आप के व्याख्यान से आम जनमानस में सकारात्मक उर्जा का संचार हो रहा है।

### मंगल भवन निर्माण के लिए एक लाख एक हजार रूपये की सहयोग राशि भेंट कीं



**बुरहानपुर।** हैहय कल्चुरी कलाल समाज के जिले में दो मंगल भवन निर्माण कार्य गतिशील है। बुरहानपुर मंगल भवन वैज्ञानिक दक्षता और आधुनिकता का संगम ओढ़कर विकसित मंगल भवन की श्रेणी में शुमार हो खड़ा होकर गतिशील है। ग्राम पंचायत ड़ोईफेडीया में समाज का मंगल भवन अर्थ अव्यवस्था के कारण अधूरा है। काम को गति देने के लिए सेवा का जुनूनए करुणा और निरूस्वार्थ भाव से समाज की मदद करने का मूल मंत्र लेकर निकले ग्राम धावटी के किसान कमल किशोर जायसवाल द्वारा एक लाख एक हजार रूपये की आर्थिक मदद का चेक समाजसेवी अरविंद चौकसे के पास जमा करवाया है। चौकसे ने जब जायसवाल जी से सेवा के इस पुनीत कार्य पर जानकारी चाही तो इनका कहना था हमारी प्रबल इच्छा है मंगल भवन में एक कमरा हमारे पूर्वजों के नाम पर हो। इसलिए मेरे द्वारा दी गई रकम केवल दान नहींए बल्कि समाज के निर्मित भवन निर्माण में परिवार द्वारा केवल छोटा सा सहारा है। भवन में कमरा निर्माण के लिए में तत्पर रहुगा इसलिए मेरा उद्देश्य अभी केवल सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का एक माध्यम मात्र है। समाज सेवी अरविंद चौकसे ने बताया कि श्री कमल किशोर धर्मलाल जायसवाल द्वारा एक लाख एक हजार रूपये का दिया सहयोग समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ साथ मंगल भवन निर्माण को गति देने का माध्यम भी बनेगा।

### आर्ट ऑफ़ लिविंग का सत्संग आज लक्ष्मीविलास गौशाला परिसर में होगा



**बुरहानपुर।** आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग का सत्संग आज गुरुवार रात्रि 9 बजे प्रतापपुरा स्थित लक्ष्मी विलास गौशाला के परिसर में होगा। संस्था के केंद्र प्रमुख व वरिष्ठ प्रशिक्षक संतोष देवताले व सत्संग के आयोजक गिरीश भाई शाह ने बताया कि सत्संग में व्यक्ति विकास केंद्र के साधक भरत श्रॉफ ,भरत रावल,राजेन्द्र पवार, विजयदुम्बानी दिपाली पण्डित,राजारानी मेहता, अश्विनी मेहता ईश्वरीय आराधना और गुरुभक्ति पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगे। संस्था से जुड़े किरीटभाई शाह ने बताया कि परिवार में वृद्ध माता की प्रथम पुण्यतिथि के निमित्त यह सत्संग आयोजित हैएजिसमें जीवन दर्शन पर आधारित गुजराती भजन और गीतों के माध्यम से स्वर्गीय माता श्री को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। संस्था के प्रशिक्षक रवींद्र पण्डित के द्वारा संस्था की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा उपस्थित सभी साधकों को गुरुवाणी में ध्यान क्रिया भी कराई जाएगी। संस्था से जुड़े योगेश श्रॉफ,लक्ष्मण मित्तल, धर्मेंद्र जड़िया, अनिल जडिया, दीपक अधमने, शेखर बोहरा ने समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से सत्संग में उपस्थिति का आग्रह किया है।

### अभिव्यक्ति संस्था द्वारा नगर का पहला होली मिलन समारोह आयोजित



**नेपानगर।** नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में सोमवार को होली मिलन समारोहए अबीर गुलाल की होली का आयोजन किया गया। पारंपरिक गीतों और अबीर गुलाल की होली के बीच पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। नेपानगर में अभिव्यक्ति संस्था द्वारा भगोरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम के भव्य आयोजन के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक मंजू राजेंद्र दादूए सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटिल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन और अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष रोहित यादव सहित अभिव्यक्ति संस्था परिवार के सदस्य तथा संस्था संरक्षक प्रवीण काटकर ने किया। मंदिर परिवार अध्यक्ष विजय यादव ने सभी आगंतुक अतिथियों का गुलाल लगा कर स्वागत किया और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। संस्था संरक्षक ने कहा कि शहर की सुखण्शांति और विकास उनकी प्राथमिकता है। मंदिर परिसर में फाग गीतों के बीच महिला शक्ति व विधायक मंजू राजेंद्र दादू ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा होली का पर्व भी इसी स्नेह भावना को आगे बढ़ाता है और समाज में आपसी सौहार्द को बढ़ावा देता है।

### पिकअप में ठूंसकर ले जाए जा रहे थे 3 बैल, चालक दबोचा, साथी फरार



**शाहपुर।** शाहपुर थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान रायसाना फाटा पर नाकाबंदी कर गौवंश से भरी एक पिकअप पकड़ी। वाहन से 3 बैल ठूंस.ठूंसकर क्रुरता से भरे मिलेए जिन्हें वध के लिए महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की ओर भाग निकला। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिलने पर रायसाना फाटा पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद पिकअप ;एमएच.04.एचवाय.2902 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में सवार चालक ने अपना नाम प्रवीण घाटे 26 निवासी संग्रामपुर जिला बुलढाणा ;महाराष्ट्र बताया। उसके साथ बैठा छोटू मराठा निवासी नेपानगर मौके से फरार हो गया। जांच में सामने आया कि गौवंश को रामपुरी पिपलोद से बुलढाणा ;महाराष्ट्र वध के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने 3 बैल ;कीमत करीब 70 हजार रुपए और पिकअप वाहन 2.50 लाख का जब्त किया है। जब्त गौवंश को देखरेख के लिए संग्रामपुर गौशाला भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफमप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 9 और पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## मुख्यमंत्री नेपानगर में15 मार्च को विभिन्न विकास कार्यो का करेंगे भूमिपूजन ,लोकार्पण

### विधायक मंजू दादू ने तैयारियों का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर/नेपानगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 15 मार्च को नेपानगर विधानसभा क्षेत्र का दौरा प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 1676 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली नावथा डैम सिंचाई परियोजना सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाना संभावित है।





**दिए आवश्यक निर्देशः**-मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। बुधवार को नेपानगर विधायक मंजू दादू ने जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार तथा विभागीय अधिकारियों के साथ नेपानगर स्टेडियम में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। विधायक मंजू दादू ने बताया कि नावथा डैम सिंचाई परियोजना के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 90 गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की भी सौगात मिलने की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात तथा आमजन की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**मुख्यमंत्री का 15 मार्च को नगर आगमन प्रस्तावितः**- करोड़ों की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन,लोकार्पण करने के लिए मप्र के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का 15 मार्च को नेपानगर आगमन प्रस्तावित है,हालांकि अभी अधिकृत तौर कार्यक्रम जारी नहीं हुआ हैए लेकिन इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर मंगलवार शाम पुलिस और प्रशासनिक अफसर नेपानगर पहुंचे।

इनमें एडीएम वीर सिंह चौहान, एएसपी एएस कनेश, जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा आदि शामिल थे। अफसरों ने यहां नेहरू स्टेडियम ग्राउंड का जायजा लिया। एसडीएम भागीरथ वाखला ने बताया कि सीएम का आगमन 15 मार्च को प्रस्तावित है,लेकिन अभी अधिकृत कार्यक्रम नहीं आया है।

## जनगणना संबंधी प्रक्रियाओं,कार्यों, बारीकियों एवं सावधानियों से कराया अवगत

### जनगणना .2027 की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जनगणना.2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाना है। प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य होगा। यह कार्य निर्धारित समय सीमा में संपादित किये जाने के निर्देश है। इसी कड़ी में जिले में जनगणना.2027 की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण का दौर जारी है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनगणना कार्य में संलग्न जिला एवं चार्ज अधिकारियों का प्रथम चरण के कार्य हेतु प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान ने अधिकारियों को जनगणना कार्यों में गंभीरता एवं आवश्यक सावधानियों के साथ कार्य संपादित करने के निर्देश दिये। भोपाल से आये प्रशिक्षक श्री निखिल तिवारी ने अधिकारियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, कार्यों की बारीकियों तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, प्रक्रिया की व्याख्या करने की विधि एवं वेब पोर्टल और मोबाईल एप के उपयोग तथा सामान्य त्रुटियों से बचाव के संबंध में भी बतलाया गया। जिला जनगणना हस्तुपस्तिका का प्रकाशन, 1951 की जनगणना से किया जा रहा है। और यह जमीनी स्तर पर योजना एवं विकास के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण प्रकाशन है। जिला जनगणना हस्तपुस्तिका नगर वार गणना ब्लॉक स्तर के डेटा का स्त्रोत है।

प्रशिक्षण में चार्ज अधिकारी, नगर अधिकारीए ग्राम अधिकारी के कार्य दायित्वों के बारें में बताया गया। इस अवसर पर जनगणना कार्य की महत्वता पर प्रकाश डाला गया वहीं प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार, डिप्टी कलेक्टर सृजन श्रीवास्तव सहित जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मां शारदा संगीत समूह का महिला दिवस समारोह



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मां शारदा संगीत समुह द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष में सुंदर कार्यक्रम का आयोजन संस्था अध्यक्ष सुभाष यादव एवं दीप दीपा अटवाल द्वारा किया गया । महिला दिवस के अवसर पर रतिलाल बोरी वाला स्कूल गुजराती मार्केट में मां शारदा संगीत समूह की ओर से यह कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें कार्यक्रम संयोजक अध्यक्ष सुभाष जादव उपाध्यक्ष रोशनी मांडवकर ,सचिन ,दीपा अटवाल की तरफ से महिला सम्मान रखा गया । कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती अर्चना गोविंद जी वाला ,प्रेमलता सांखला,ज्योति सिंह, रजनी गट्टानी, मंगल दुबे, खंडवा से अरुदं इन सभी का सम्मान किया गया हिंदू महासभा के प्रदेश प्रवक्ता ओम आजाद,कार्यकारिणी अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ,संगठन मंत्री मुकेश डालमिया, समाजसेवी की ओर से सांस्कृतिक प्रोग्राम करने वाले बच्चों को नगद राशि पुरस्कार दिया गया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुलाई में एक्स रे मशीन से टीबी की जांच की

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुलाई के इंचार्ज डॉण्यासर अंसारी की उपस्तिथि में एचआईवीएससिफलिस और एक्स रे मशीन से टीबी की जांच की स प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुलाई के ड्यूटी डॉ.ज्ञानेंद्र रघुवंशी ने मरीजों की रुटीन का चेकप किय।

खकनार अस्पताल के आईसीटीसी परामर्श दाता हरलाल सिसोदिया ने उपस्तिथ महिलाओं और पुरूषों को एचआईवी की जांच आईसीटीसी केंद्र में करवाने की सलाह दी। बुरहानपुर जिले में तीन आईसीटीसी केंद्र है इन तीनों केंद्र पर एचआईवी/एड्स की जांच होती है। अगर किसी इंसान ने एचआईवी और



सिफलिस की जांच करवाई और उसकी रिपोर्ट में वायरस का पता चलता है तो उसको एआरटी सेंटर बुरहानपुर भेज कर वहा से निरूशुल्क दवाई उपलब्ध करवाई जाती है, ताकि समय रहते इन बीमारियो को पता चलता है स तो उनको दवाई समय पर उपलब्ध करवाई जा सके है एवं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बड़ाया जा सकेस खकनार आईसीटीसी परामर्शदाता सिसोदिया ने एचआईवी के प्रमुख लक्षण के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी है ।

खकनार अस्पताल के एक्स रे टेक्नीशियन पूनम पाल ने एक्स रे मशीन से एक्स रे लिए है। खकनार अस्पताल के टीबी सुपरवाइजर राजू राठौड़ ने टीबी के मरीजों को समय समय पर दवाई का सेवन करने की जानकारी की है ।

## 14 मार्च नेशनल लोक अदालत : प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**नवभारत न्यूज,** बुरहानपुर। जिले में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। लोक अदालत के व्यापक प्रचार.प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन बुरहानपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत का प्रचार.प्रसार करेंगे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमति आशिता श्रीवास्तव ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से निराकृत्त होने वाले प्रकरणों में किसी पक्ष की हार नहीं होती है। पक्षकारों के मध्य मौजूद मनभेद पूरी तरह से खत्म होकर प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण होता है। अव्यवहार न्यायाधीशए वरिष्ठ खण्ड श्री प्रेमदीप सांकला ने बताया कि लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समस्त दीवानी, समझौता योग्य, आपराधिक, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा, पारिवारिक प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, विद्युत प्रकरण, श्रम एवं रोजगार,बैंक मनी




रिकवरी एवं प्रीलिटिगेशन संपत्ति कर, बिजली व जल कर सहित सभी राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण सुलह व समझौते के आधार पर किया जाएगा। जो व्यक्ति लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरण का निपटारा कराना चाहते हैं वे संबंधित न्यायालय या विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री निलेश कुमार जिरेती, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती शीतल बघेलए श्री राजू पन्द्रे, श्री भारत सिंह भंवर, श्रीमती रीना पिपल्या एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री अनुपमा मुजाल्दे, अधिवक्तागण एवं विद्युत विभाग से कार्यपालन यंत्री जितेन्द्र कुमार पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बालक राजवीर ने ईमानदारी का परिचय देते दो लाख रुपये का चेक सौंपा



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** थाना गणपति नाका क्षेत्र के लोधीपुरा दरगाह हकीम मार्केट क्षेत्र में खेलते समय बालक राजवीर पिता भीमराज शंखपाल उम्र 13 वर्ष को दो लाख रुपय का चेक मिला। बालक राजवीर ने ईमानदारी का परिचय देते हुए चेक अपने पिता भीमराज शंखपाल को दिखाया। इसके बाद पिता द्वारा उक्त चेक को सुरक्षित रूप से थाना गणपति नाका लाकर पुलिस को सौंपा गया।थाना प्रभारी गणपति नाका सुरेश महाले द्वारा चेक के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उसके वास्तविक मालिक मोहम्मद शाकिर पिता हातिम अली का पता लगाया गया।

सत्यापन उपरांत चेक को उसके सही मालिक मोहम्मद शाकिर को विधिवत सुपुर्द किया गया।इस सराहनीय कार्य के लिए बालक राजवीर शंखपाल का थाना गणपति नाका पुलिस एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा सम्मान किया गया।

## सामूहिक परिश्रम से नेपा चलते हुए नहीं, बल्कि दौड़ते हुए आगे बढ़ेगा : सीएमडी

**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद नवी मुंबई के दिशा निर्देश पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के तहत आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य महाप्रबंधक व कारखाना प्रबंधक राम अलागेसनए उप महाप्रबंधक कार्य व वाणिज्य सुरेंद्र मेहता, नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र केसरी, नेपा मिल्स श्रमिक संघ अध्यक्ष प्रवीण सोनी मौजूद थे। सीएमडी नरेश सिंह ने अफसर, कर्मचारियों को सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाते हुए कहा सुरक्षित उत्पादन ही सतत प्रगति का



आधार है और सभी के सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा लिमिटेड आगे बढ़ते हुए नई गति प्राप्त करेगा। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि कार्य महत्वपूर्ण हैए लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण जीवन है। सुरक्षित कार्यशैली अपनाकर ही औद्योगिक प्रगति को स्थायी बनाया जा सकता है और प्रत्येक कर्मचारी का सुरक्षित रहना ही संस्था की वास्तविक सफलता है। मुख्य महाप्रबंधकए कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने इस वर्ष की थीम उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों से नहींए बल्कि जागरूकता, प्रशिक्षण और अनुशासन से मजबूत होती है। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल की संकल्पना के आधार पर सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, प्रशिक्षण सत्र, सुरक्षा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीएमडी के तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी को प्रथमए प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख को द्वितीय तथा पेपर मशीन के कर्मचारी रमेश चौकसे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, विभागाध्यक्ष डीआईपी देवेंद्र महोबे,सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव अरुण फरकले,विभागाध्यक्ष कर्मचारी संबंध व कल्याण दिनेशचंद्र सोवले, अनीस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर

### शाहपुर में सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि मनाई गई

## माली समाज की विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली 8 प्रमुख महिलाओं को किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज, शाहपुर ।** बुरहानपुर क्षेत्र की विभिन्न क्षेत्रों में समाजसेवा में अग्रणी आठ महिलाओं को शाहपुर के संत सावता माली मंदिर में सावित्री बाई फुले की मूर्ति,सर्टिफिकेट और बायोग्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष श्रीमती साधना तिवारी ,उपाध्यक्ष और एग्जीक्यूटिव बोर्ड सदस्य एवं बंधु ,भगिनी का सराहनिय सहयोग रहा । इस मौके पर पाचोरा माली समाज अध्यक्ष के.एस.महाजन,भड़गांव माली समाज के अध्यक्ष साहेबराव नाना महाजन, चोपड़ा माली समाज के अध्यक्ष गोविंदराव बापू महाजन, जामनेर माली समाज के अध्यक्ष प्रो. उत्तमराव पवार , रावेर माली समाज के अध्यक्ष संजीव महाजन, रावेर माली समाज के पूर्व अध्यक्ष संजय महाजन, बरहानपुर माली समाज के अध्यक्ष प्रभाकर चौधरी, वाघोले सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष विश्वास यादव राव महाजन,सुनील पाटिल वाघोल, रावेर के पूर्व चेयरमैन बाजीराव सर, इच्छापुर माली समाज के पूर्व अध्यक्ष वसंत चौधरी, माली समाज



बम्बाडा के सचिव,अध्यक्ष गवली साहेब बम्बाडा शामिल हुए। सभी अतिथियों ने समाज की 8 प्रमुख महिलाओं को अवॉर्ड में सावित्रीबाई फुले की एक तस्वीर, एक सर्टिफिक्रेट, एक बायोग्राफी और एक सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

प्रारंभ में इच्छापुर से भजन मंडली ने सावता महाराज,सावता सागर के भाग से कार्यक्रम की शुरुआत की और माहौल को खुशनुमा बना दिया। श्रीमती कांता विनोद महाजन ने गीत गाकर सभी का दिल जीत लिया। श्री एकनाथ सातव ने सावित्रीबाई के जीवन पर एक पूरा गीत प्रस्तुत किया। इसलिए व पधारे समाज अध्यक्षों का महात्मा फुले की मूति, एक रूमाल, एक गुलदस्ता और एक माला के साथ स्वागत किया गया।

सुधाकर विट्ठल महाजन वाघोल,श्री कांतिलाल तुलसीराम महाजन रावेर ,श्री एस.बी.महाजन सर जामनेर, श्री बाजीराव सर इच्छापुर, प्रभाकर चौधरी बुरहानपुर ने महात्मा फुले की पगड़ी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। प्रोफेसर एस.बी.महाजन के साथ सर विश्वास यादवराव महाजन ने अतिथियों का स्वागत किया।




इस अवसर पर सावित्रीबाई शक्तिपीठ की कार्यकारी समिति के सदस्यों ने शाहपुर में क्षेत्र और तालुका से आए अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रोफेसर एस.बी.महाजन सर ने सावित्री शक्तिपीठ के बारे में विस्तृत व्याख्या की। जानकारी साझा की गई और समाज को आश्वस्त किया गया कि आज के समय में सावित्री के विचारों की जरूरत है, महात्मा फुले के विचारों की जरूरत है और सावता माली के अभंग की जरूरत है। विश्वास यादव महाजन ने उनकी बायोग्राफी पढ़ी और मेहमानों से अवॉर्ड लिया। प्रेसिडेंट पचोरा माली समाज सेवक के.एस. महाजन ने कार्यकम्र के बारे में अपनी राय र्विस्तार में बताई और सावित्री शक्ति पीठ के बारे में अनोखे आइडिया पेश करके सोशल अवेयरनेस का काम किया।

**इन्हे मिला सावित्रीबाई फुले अवॉर्ड :-** जीजाबाई चिंतामन महाजन बुरहानपुर , कांता विनोद महाजन शाहपुर , नीता मधुकर महाजन पटोदा , स्वाति प्रवीण चौधरी बाभड़ा , संगीता ईश्वर महाजन तुरकगुराड़ा , शोभाबाई अशोक महाजन इच्छापुर, सुमित्रानंदन कुमार महाजन विरोदा एवं ज्योति देवेंद्र महाजन टिटगांव प्रमुख है।